Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जयपुर में पटवारी हाथोज (कालवाड़ रोड) के दलाल 30 लाख की रिश्वत लेते एसीबी एस.आई.यू इकाई ने किया गिरफ्तार।**
- **पटवारी की तलाशी जारी है।**

जयपुर, 21 सितम्बर, रविवार। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की एस.आई.यू. इकाई, जयपुर द्वारा कार्रवाई करते हुए हाथोज के पटवारी नरेंद्र मीणा के दलाल विकास शर्मा को **30 लाख रुपये** की रिश्वत लेते समय रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की **अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि एसीबी एस.आई.यू चौकी जयपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी की हाथोज (कालवाड़ रोड) में स्थित 10 बीघा भूमि का नामांतरण खोलने की एवज में पटवारी नरेंद्र मीणा एवं उसके दलाल द्वारा **50 लाख रुपये** की रिश्वत की माँग कर परेशान किया जा रहा हैं।

शिकायत का सत्यापन कराया गया, जिसमें पटवारी द्वारा 30 लाख रुपये की अंतिम माँग करना पाया गया।

जिस पर एसीबी जयपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक श्री अनिल कयाल** के सुपरविजन में एसीबी की एस.आई.यू इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप सारस्वत** के नेतृत्व में आज ट्रैप कार्रवाई करते हुए आज पटवारी के दलाल विकास शर्मा को 30 लाख रुपये की रिश्वत लेते समय रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया। इसमें 5 लाख रुपये वास्तविक मुद्रा तथा 25 लाख रुपये डमी नोट बरामद किए गए।

पटवारी नरेंद्र मीणा एसीबी के ट्रैप की आशंका के चलते मौके पर उपस्थित नहीं हुआ तथा फरार हो गया है। उसकी तलाश जारी है।